प्रेस नोट संख्या- 29

दिनांक 12.07.2024

सराहनीय कार्य थाना रामगंज पुलिस

मोटरसाइकिल चोरी की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना रामगंज पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल बरामद कर वाहन स्वामी को सुपुर्द किया गया।

दिनांक 12.07.2024 को श्री विजय बहादुर मौर्या पुत्र बच्चा मौर्या निवासी इस्माइलपुर बडा नगरडीह थाना पीपरपुर जनपद अमेठी द्वारा थाना रामगंज पर सूचना दी गयी कि वह अपनी मोटरसाइकिल UP44AC4137 एचएफ डीलक्स ब्लाक परिसर में खड़ी करके अपने काम से चले गये थे, वापस आने पर मोटरसाइकिल वहां पर नहीं थी काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली। इस सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना रामगंज पुलिस द्वारा घटना स्थल पर पहुंच कर ब्लाक परिसर के बाहर खड़ी एक अन्य मोटरसाइकिल UP36Q6781 टीवीएस स्पोर्ट खड़ी है जिसके संबंध में जानकारी की गयी तो ज्ञात हुआ कि वह मोटरसाइकिल श्री अम्बेडकर पुत्र घेर्राऊ निवासी भावापुर गुडरी थाना पीपरपुर जनपद अमेठी की है। अम्बेडकर उपरोक्त के घर पर सम्पर्क कर बुलाया गया तो वह मोटरसाइकिल UP44AC4137 एचएफ डीलक्स लेकर आये एवं बताये कि हमारे ध्यान न देने के कारण हमारी मोटरसाइकिल की चाभी इत्तेफाक से इनकी मोटरसाइकिल में लग गई थी जिस कारण उनकी मोटरसाइकिल बदल गयी थी और मैं गलती से लेकर चला गया था। दोनों मोटरसाइकिलें उनके पंजीकृत वाहन स्वामी को सुपुर्द की गयी।